(ग) दिसम्बर, 1977 में गुजरात में बिजली के उत्पादन में कोई गिरावट नहीं आयी थी। अपेक्षाकृत उच्च बन्दियों के बाबजूद भी, गुजरात बिजली की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने में समर्थ था। दिसम्बर, 1977 का दैनिक औसत उत्पादन 23.1 मिलियन यूनिट था। इसकी तुलना में नवम्बर, 1977 का दैनिक औसत उत्पादन 21.75 मिलियन यूनिट था।

जूनागढ़, राजकोट और जामनगर जिलों के स्वतन्त्रता सेनानियों को पेंशन दिया जाना

1279. **श्री धर्मसिंहभाई पटेल :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में जूनागढ़, राजकोट और जामनगर जिलों में ऐसे स्वतन्त्रता सेनानियों की जिलावार संख्या कितनी हैं जिनके मामले पेंशन की स्वीकृति के लिए विचाराधीन हैं और वे कब से विचाराधीन हैं और इसके क्या कारण हैं ; और

(ख) शेष स्वतन्त्रता सेनानियों के पेंशन के मामलों की कब तक स्वीकृति दी जायेगी अथवा उनके सम्बन्ध में निर्णय लिया जायेगा ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल): (क) और (ख) गुजरात के जूनागढ़, राजकोट और जामनगर जिलों के स्वतन्त्रता सेनानियों से प्राप्त कोई आवेदन-पत्र प्रारम्भिक संवीक्षा के लिए लम्बित नहीं हैं। परन्तु स्वतन्त्रता सेनानियों से दस्तावेजी सबूत/सूचना और/अथवा राज्य सरकार से रिपोर्ट प्राप्त न होने के कारण 26 मामले दाखिल दफ्तर कर दिये गये हैं। जैसे ही सबूत/सूचना प्राप्त हो जायेगी मामलों का पुनरीक्षण किया जायेगा और उचित मामलों में पेंशन स्वीकृत कर दी जायेगी। तदनुसार सभी आवेदकों को सूचित कर दिया गया है।

फोटो डिवीजन द्वारा अनुपयोगी घोषित किये गये उपकरण

1280. **श्री मदन तिवारी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस मंत्रालय के फोटो डिवीजन के कैमरों, इंलार्जरों, फ्लेशगनों और उन अन्य उपकरणों का मूल्य क्या है जो अनुपयोगी घोषित किये गये हैं ;

(ख) क्या अनुपयोगी उपकरणों की कमी पूरी तरह से प्रत्यक्ष जांच की गई थी ;

(ग) क्या यह सच है कि कैमरा लेंस, इंलाजर्स लेंस, गन आदि को, जो अच्छी स्थिति में थे, अनुपयोगी बताये गये उपकरणों में से निकाल लिया गया था और बेच दिया गया था और इनके स्थान पर पुराने और खराब उपकरण रख दिए गए थे ;

(घ) क्या सरकार ने इस मामले की कोई जांच की है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लालकृष्ण आडवाणी) : (क) फोटो प्रभाग के अनुपयोगी उपकरण अभी तक औपचारिक दृष्टि से अनुपयोगी नहीं समझे गए हैं, किन्तु ऐसे उपकरणों की जांच की गई है। तथापि, उनका मूल्यांकन नहीं किया गया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी, नहीं।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।